नये सोच के साथ आगे बढ़ने वाले ही कामयाब होते हैं

पटना (आससे)। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने अपनी लीडरशिप लेक्चर सीरीज के एक हिस्से के रूप में ओपी सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-फाइनेंस, डब्ल्यूएनएस (होल्डिंग्स) लिमिटेड और अमितेश प्रकाश, मुख्य निवेश अधिकारी, करेकेबा वेंचर्स की मेजबानी की। सत्र का विषय शुरुआती चरण के उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट / वीसी फंडिंग पर था। अपने संबोधन में श्री ओपी सिंह ने सुझाव दिया कि कैसे नए उद्यमी एंजेल निवेश का उपयोग कर सकते हैं। अतिथि वक्ता ने 4 टी यानी ट्रेसबिलिटी, ट्रैकिबिलिटी, ट्रेडेबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी के महत्व को साझा किया। इस दिन के अंत में, छात्रों को अमितेश प्रकाश के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने छात्रों को लीक से हटकर सोचने और अपने काम में नवीनता लाने की सलाह दी। कैसे नए सोच के साथ आगे बढ़ने वाले कामयाब होते हैं, इस बारे में बात की। उन्होंने उच्च निवल संपत्ति वाले एंजेल निवेशकों के बारे में भी बात की और महान विचारों के बदले में वे कैसे छोटे स्टार्टअप का आर्थिक रूप से समर्थन करते हैं, इस बारे में बताया। कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सीआईएमपी, प्रो. (डॉ.) राजीव वर्मा, प्रो. (डॉ.) देवव्रत सामंत एवम अन्य-सत्र के दौरान मौजुद रहे।

Aaj ! Page No - 08 ! Date - 02-09-2022 !

नये उद्यमी एंजेल निवेश का उपयोग कर बढ़ा सकते हैं अपना बिजनेस

पटना . चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) की लीडरशिप लेक्चर सीरीज में गुरुवार को डब्ल्यूएनएस (होल्डिंग्स) लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ओपी सिंह और करेकेबा वेंचर्स के मुख्य निवेश अधिकारी अमितेश प्रकाश ने छात्रों को संबोधित किया. इसमें ओपी सिंह ने कहा कि नये उद्यमी एंजेल निवेश का उपयोग कर अपने बिजनेस को बढ़ा सकते हैं. उन्होंने चार टी यानी ट्रेसबिलिटी, ट्रैकिबिलिटी, ट्रेडेबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी के महत्व को साझा किया. वहीं अमितेश प्रकाश ने छात्रों को लीक से हटकर सोचने और अपने काम में नवीनता लाने की सलाह दी.

Prabhat Khabar ! Page No - 05 ! Date- 02-09-2022 !

सीआईएमपी में लीडरशिप लेक्चर

पटना। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (सीआईएमपी) ने अपनी लीडरशिप लेक्चर सीरीज में ओपी सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-फाइनेंस, डब्ल्यूएनएस (होल्डिंग्स) लि. और अमितेश प्रकाश, मुख्य निवेश अधिकारी, करेकेबा वेंचर्स की मेजबानी की। सत्र का विषय शुरुआती चरण के उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट/ वीसी फंडिंग पर था। ओपी सिंह ने सुझाव दिया कि कैसे नए उद्यमी एंजेल निवेश का उपयोग कर सकते हैं। अतिथि वक्ता ने 4 टी यानी ट्रेसबिलिटी, ट्रैकिबिलिटी, ट्रेडेबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी के महत्व को साझा किया। सत्र के दौरान कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सीआईएमपी, प्रो. राजीव वर्मा, प्रो. देवव्रत सामंत एवं अन्य लोग मौजूद थे।

Rashtriya Sahara ! Page No- 04 ! Date - 02-09-2022 !

सीआईएमपी के छात्रों ने जानी प्रबंधन की बारीकियां

पटना। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में गुरुवार को लीडरशिप लेक्चर शृंखला के तहत दो वक्ताओं ने व्यवसाय और प्रबंधन की बारीकियां बताई। डब्ल्यूएनएस (होल्डिंग्स) लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (वित्त) ओपी सिंह और करेकेबा वेंचर्स के मुख्य निवेश अधिकारी अमितेश प्रकाश ने प्रबंधन की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं से अपने अनुभव साझा किये।

Hindustan ! Page No - 04 ! Date - 02-09-2022 !

छात्र अपने काम में लाएं नवीनता

patna@inext.co.in

PATNA (1 Sept): चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, पटना (सीआइएमपी) की लीडरशिप लेक्चरर सीरीज में गुरुवार को ओपी सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-फाइनेंस, डब्ल्यूएनएस (होल्डिंग्स) लिमिटेड और अमितेश प्रकाश, मुख्य निवेश अधिकारी, करेकेबा वेंचर्स मौजूद थे. सत्र का विषय शुरुआती चरण के उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट व वीसी फंडिंग पर था. ओपी सिंह ने सुझाव दिया कि कैसे नए उद्यमी एंजेल निवेश का उपयोग कर सकते हैं. उन्होंने 4 टी यानी ट्रेसबिलिटी, ट्रैकबिलिटी, ट्रेडेबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी के महत्व को साझा किया. साथ ही छात्रों को लीक से हटकर सोचने और अपने काम में नवीनता लाने की सलाह दी. मौके कमोद. प्रो. राजीव आदि मौजूद थे.

I-Next ! Page No - 04 !
Date - 02-09-2022 !

विद्यार्थी लीक से हटकर सोचें व काम में नवीनता लाएं

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, पटना (सीआइएमपी) की लीडरशिप लेक्चरर सीरीज में गुरुवार को ओपी सिंह, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-फाइनेंस, डब्ल्यूएनएस (होल्डिंग्स) लिमिटेड और अमितेश प्रकाश, मुख्य निवेश अधिकारी, करेकेबा वेंचर्स मौजूद थे। सत्र का विषय शुरुआती चरण के उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट व वीसी फंडिंग पर था। ओपी सिंह ने सुझाव दिया कि कैसे नए उद्यमी एंजेल निवेश का उपयोग कर सकते हैं।

उन्होंने 4 टी यानी ट्रेसबिलिटी, ट्रैकबिलिटी, ट्रेडेबिलिटी और ट्रांसपेरेंसी के महत्व को साझा किया। साथ ही छात्रों को लीक से हटकर सोचने और अपने काम में नवीनता लाने की सलाह दी। कैसे नई सोच के साथ आगे बढ़ने वाले कामयाब होते हैं, इस बारे में बताया। सीआइएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार, प्रो. राजीव वर्मा, प्रो. देवव्रत सामंत मौजूद थे।

Dainik Jagran
Page.No-07
Dated:02-09-2022